11/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड केटी परनाइक एवं राज्य की प्रथम महिला श्रीमती अनाघा परनाइक के साथ उत्तर प्रदेश के 4 दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज प्रयागराज में ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण तीर्थस्थल, श्रद्धेय सोमेश्वर महादेव मंदिर का दौरा किया। राज्यपाल ने शांति, समृद्धि और सभी के लिए पूजा - अर्चना की। उसके बाद राज्यपाल और प्रथम महिला ने महाकुंभ एवं त्रिवेनी संगम के भी दर्शन किए।

000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने ईस्ट सियांग जिला के निग्लोक स्थित सैनिक स्कुल का दौरा किया और नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घघाटन कर स्कुल परिसर में चल रहे विभिन्न कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक संक्षिप्त बैठक में संबंधित अधिकारियों से स्कूल के विकास कार्यों की जानकारी ली और चल रहे निर्माण कार्य कों निर्धारित समय में पूरा करने को कहा। उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था की प्रसंसा भी की।

000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने सोमवार को राष्ट्रीय एकता यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए नशीली दवाओं के खतरे से निपटने और अरुणाचल प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने में असम राइफल्स के चल रहे प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि, अर्धसैनिक बल पूर्वोत्तर में शांति बनाए रखने के अलावा राज्य की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें है। 11 असम राइफल्स द्वारा आयोजित इस यात्रा में अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज, नामसाई की 30 प्रतिभाशाली छात्राएँ देश भर के छह महत्वपूर्ण स्थानों की यात्रा करेंगे।

0000000000000000000

राज्य की शिक्षा परिदृश्य को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्कूल पारिस्थितिकी तंत्र के समग्र विकास के लिए अध्ययन क्वालिटी एजुकेशन फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस पर टिप्पणी करते हुए, शिक्षा आयुक्त अमजाद ताक ने कहा, "यह समझौता ज्ञापन अरुणाचल प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण पहल है। स्कूल परिसरों को मजबूत करने से संसाधन और बेहतर शिक्षक समर्थन मिलेगी, जिससे राज्य भर के छात्रों को लाभ होगा।"

0000000000000000000

राज्य के कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा और मत्स्य पालन विभागों के मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने गत सोमवार को नामसाई जिले में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की सुविधाओं का एक दिवसीय व्यापक दौरा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि तीन महत्वपूर्ण तत्व - नस्ल, बीज और चारा - कृषि क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दौरे के तहत मंत्री ने नामसाई डेयरी, खेरेम में हॉर्टी नर्सरी और किसान प्रशिक्षण केंद्र सहित विभिन्न सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।

उन्होंने एम्फ़ाम गांव में एक निजी पिग फार्म, स्थानीय मत्स्य पालन फार्म और नानाम खामती गांव में बायो-फ़र्टिलाइज़र युनिट के चल रहे निर्माण का दौरा भी किया।

00000000000000000000

आकाशवाणी ईटानगर क्लस्टर को प्रसार भारती के नॉर्थ ईस्ट ज़ॉन के एडिशनल डायरेक्टर जनरल द्वारा NEZ गुवाहाटी कार्यालय से **'1st Best Managed Cluster Office'** का प्रतिष्ठित खिताब प्रदान किया गया है। नॉर्थ ईस्ट ज़ॉन में प्रसार भारती के अंतर्गत आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्रों के 17 क्लस्टर शामिल हैं। आकाशवाणी ईटानगर को यह सम्मान स्टेशन के असाधारण प्रबंधन और विभाग को उत्कृष्ट सेवा के लिए दिया गया है। आकाशवाणी ईटानगर के क्लस्टर हेड एन रामनजनप्पा ने कहा कि यह पुरस्कार परिचालन उत्कृष्टता के प्रति आकाशवाणी ईटानगर की प्रतिबद्धता और क्षेत्र में सार्वजनिक प्रसारण में इसके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि, यह सम्मान आकाशवाणी टीम को अपनी सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने के लिए और प्रेरित करेगा।

000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने आज और कल के लिए अरुणाचल प्रदेश के पाक्के केसांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, लोअर सियांग, अपर सुबनसिरी, सियांग, शियोमी, लेपा राडा, वेस्ट सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई और चांगलांग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज और बिजली के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

00000000000

दिरांग स्थित राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान - निमास की एक टीम द्वारा पहली बार अरुणाचल प्रदेश से असम तक 28 दिनों में ब्रह्मपुत्र नदी पर 1040 किलोमीटर लंबे हिस्से को कवर करते हुए राफ्टिंग अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करके साहस और धीरज की एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। अभियान की शुरुआत गत 14 जनवरी को अरुणाचल के गेलिंग से हुआ, जहां नदी तिब्बत से भारत में प्रवेश करती है, और 10 फरवरी को बांग्लादेश सीमा के पास असम के हाटसिंगिमारी में समाप्त हुआ।

000000000000000

सोमवार की शाम 7 बजे के करीब एनएच-415 होलोंगी रोड पर सोगे रिसॉर्ट के पास एक सड़क दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। ईटानगर एसपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि दोनों पीड़ित - ड्राइवर और हेल्पर - मलबे के अंदर दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।